कॉलेज ऑफ फोरेस्ट्री वाई.एस.परमार यूनिवर्सिटी ऑफ हॉर्टीकल्चर एण्ड फोरेस्ट्री, सोलन के विद्यार्थियों का आफरी भ्रमण (दिनांक 15.1.2016)

कॉलेज ऑफ फोरेस्ट्री वाई.एस.परमार यूनिवर्सिटी ऑफ हॉर्टीकल्चर एण्ड फोरेस्ट्री नौनी, सोलन, हिमाचल प्रदेश के बी.एससी (ऑनर्स) फोरेस्ट्री तृतीय वर्ष के 50 विद्यार्थियों (25 छात्र और 25 छात्राएँ) ने डॉ. प्रदीप कुमार (एसिस्टेंट प्रोफेसर) के नेतृत्व में अनुभवात्मक ज्ञान कार्यक्रम (Experiential learning programme) के तहत अध्ययन भ्रमण (Educational tour) के अन्तर्गत दिनांक 15.1.2016 को शुष्क वन अनुसंधान संस्थापन (आफरी), जोधपुर का भ्रमण किया । कृषि वानिकी एवं विस्तार प्रभाग के प्रभागाध्यक्ष श्री उमाराम चौधरी, भा.व.से. ने दल का संस्थान में स्वागत करते हुए पावर पॉइन्ट प्रस्तुतीकरण के माध्यम से संस्थान एवं संस्थान की शोध गतिविधियों की जानकारी दी । इसके बाद विद्यार्थियों ने संस्थान की विभिन्न प्रयोगशालाओं का भ्रमण कर शोध गतिविधियों से संबंधित जानकारी प्राप्त की । विद्याथियों ने परिसर में स्थित उत्तक संवर्धन से विकसित गुग्गल के वृक्षारोपण का भी अवलोकन किया ।

भ्रमणकारी दल ने संस्थान के विस्तार एवं निर्वचन केन्द्र का भ्रमण कर वहाँ प्रदर्शित विभिन्न शोध गतिविधियों, तकनीक एवं शोध उपलब्धियों संबंधी सूचनाओं एवं सामग्री का अवलोकन भी किया ।

तत्पश्चात् इस दल ने संस्थान की प्रायौगिक पौधशाला का भ्रमण कर पौधशाला, धुंध कक्ष इत्यादि एवं वहाँ स्थित औषधीय पौधों के जर्म प्लाज्म (Germ plasm) का भी अवलोकन किया । पौधशाला में श्री सादुलराम देवड़ा, अनुसंधान सहायक ने पौधशाला से संबंधित जानकारी उपलब्ध करायी ।

भ्रमण में श्रीमती मीता सिंह तोमर, तकनीकी सहायक एवं श्री तेजा राम का सहयोग रहा ।